तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 चार दिनों से बिजली बंद, अमोड़ा के किसान ...



14 स्कूल तक नहीं बनी आज तक सड़क, जान जोखिम में ...

## पर्व : चौक चौराहे पर पुलिस बल रही तैनात, शांत रहा माहौल

# रंगों और उमंगों के साथ कांकेर में मनी होली, नगाड़ों की धुन पर झूमे कांकेरवासी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रंगों और खुशियों का प्रतीक होली का पर्व इस वर्ष कांकेर शहर में पूरे उत्साह, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही शहर के गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों और घरों में होली का रंग बिखरने लगा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंग-गुलाल में सराबोर होकर एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। पूरे दिन शहर का वातावरण रंगों, संगीत और हंसी-खुशी से गूंजता रहा, जिससे हर ओर त्योहार का उल्लास दिखाई दिया।

सुबह से ही शहर के विभिन्न मोहल्लों में लोगों की टोलियां ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते होली का जश्न मनाती नजर आईं। लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाया और मिठाइयों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। बच्चों में होली को ▶▶|शेष पेज 12 पर

### पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

होली के पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी दिनभर मुस्तैद रहा। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा और लगातार निगरानी रखी गई। पुलिस की सतर्कता का ही परिणाम रहा कि पूरे शहर में होली का त्योहार शांति, सौहार्द और सुरक्षा के वातावरण में संपन्न हुआ।



### कलेक्टर बंगले में भी दिखा होली का उल्लास

रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कलेक्टर बंगले में भी होली उत्सव का आयोजन रखा था। होली के दिन विधायक आशाराम नेताम, भाजपा के पदाधिकारी एवं जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण भी कलेक्टर बंगले पहुंचे और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सभी ने आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कलेक्टर बंगले में उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी और मिठाइयों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर सभी ने होली को प्रेम और सद्भाव का पर्व बताते हुए जिलेवासियों को भी शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की शुभकामनाएं दीं।

### शीतला मंदिर प्रांगण में नगाड़ों की धुन पर झूमे लोग

होली के पर्व पर शहर के शीतला मंदिर प्रांगण में भी उत्साह और उमंग का अनूठा नजारा देखने को मिला। यहां आयोजित होली उत्सव के दौरान नगाड़ों की गूंजती धुन पर लोग जमकर थिरकते नजर आए। रंग-गुलाल के बीच मंदिर परिसर में देर तक होली का उल्लास छाया रहा। होली के अवसर पर बड़ी संख्या में शहरवासी शीतला मंदिर प्रांगण पहुंचे। जैसे ही पारंपरिक नगाड़ों की धुन गूंजने लगी, पूरा माहौल उत्सवी बन गया। युवा, बुजुर्ग और बच्चे सभी ने मिलकर नाच-गाकर होली की खुशियां मनाईं। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। ढोल-नगाड़ों की लय पर लोगों की टोलियां झूमती नजर आईं और रंगों से सराबोर लोग संगीत की ताल पर नाचते रहे, जिससे पूरा वातावरण होली के रंग में रंग गया।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रक ने एम्बुलेंस को मारी टक्कर, हेल्पर हुआ गंभीर



**कांकेर।** चारामा-कोरर मार्ग पर ग्राम चांवडी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही एम्बुलेंस को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में एम्बुलेंस का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और वाहन में सवार हेल्पर को गंभीर चोटें आई हैं। झण्डा चौक आजाद नगर रावाभाठा रायपुर निवासी और खुशी एम्बुलेंस के हेल्पर ने बताया कि 4 मार्च की सुबह करीब 8 बजे वे एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 04 क्यूजी 3091 में चालक 26 वर्षीय साहिल खान के साथ नवकार अस्पताल रायपुर से एक शव लेकर मुंगेली जिले के ग्राम झेपरा गए थे।
शव छोड़कर वापस रायपुर लौटते समय दोपहर करीब 12:30 बजे जब वे ग्राम चांवडी मेन रोड के पास पहुंचे, तभी चारामा से कोरर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू 6422 के चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए एम्बुलेंस को सामने से जबरदस्त ठोकर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 07 सीडबल्यू 6422 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बीच-बचाव करने गए युवक की पिटाई एवं जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के बरहेली मेला में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो पक्षों के बीच हो रहे विवाद को शांत कराने की कोशिश कर रहे एक युवक के साथ ही मारपीट कर दी गई। इंसानियत के नाते झगड़ा छुड़ाने पहुंचे युवक को ही आरोपियों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। घटना में युवक को चोटें आई हैं, जिसके बाद पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तरहुल निवासी 34 वर्षीय राजेंद्र कुमार कोसमा ने थाने में शिकायत ▶▶|शेष पेज 12 पर

# पारिवारिक विवाद में हिंसा बड़े ने छोटे भाई को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पारिवारिक कलह और आपसी मनमुटाव का एक मामला भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में सामने आया है, जहां घरेलू विवाद इतना बढ़ गया कि सगे बड़े भाई ने ही छोटे भाई के साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़ित छोटे भाई ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम नारायणपुर निवासी 29 वर्षीय संजय निर्मलकर ने थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए पलिस को बताया कि मेरा बड़ा भाई अजय निर्मलकर अक्सर उसकी पत्नी और बच्चों को बिना किसी ठोस कारण के ताने देता रहता है। आरोपी द्वारा परिवार के सदस्यों को अपशब्द कहने और मर जाने जैसे श्राप देने की वजह से घर में लगातार तनाव का माहौल बना हुआ था। पीड़ित के अनुसार, जब उसने अपने बड़े भाई अजय को इस तरह की आपत्तिजनक बातें न करने की समझाइश दी और इसका विरोध किया, तो बड़ा भाई आक्रोशित हो गया। गुस्से में आकर उसने छोटे भाई के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और उसके कपड़े तक फाड़ दिए। इतना ही नहीं, विवाद बढ़ने पर आरोपी ने ▶▶|शेष पेज 12 पर



**खबर संक्षेप**

### दुधावा पुलिस चौकी में दूसरे दिन खेली होली



**बासनवाही।** क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। होली के दूसरे दिन पुलिस चौकी दुधावा में तैनात पुलिस जवानों ने आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ रंग-गुलाल खेलकर होली का पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पुलिस चौकी के सभी स्टाफ ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। जवानों ने खुशी के माहौल में एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की बधाई दी और मिठाइयां बांटकर उत्सव की खुशियां साझा कीं। पूरे परिसर में हंसी-खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय रहा। पुलिस जवानों ने अपनी ड्यूटी निभाते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पर्व के दूसरे दिन ड्यूटी के बाद जवानों ने आपसी सौहार्द के साथ होली का आनंद लिया। होली के इस अवसर पर चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार वर्मा ने लोगों से भी शांति, भाईचारा और आपसी प्रेम बनाए रखने का अव्हान किया।

### श्रीवास सेन समाज का सम्मेलन 9 को मरकाटोला फत्तेचंद में

**धनेलीकन्हार।** श्रीवास सेन समाज परिक्षैत्र कांकेर की वार्षिक महासभा 9 मार्च दिन सोमवार को साम 4 बजे ग्राम पंचायत मरकाटोला फत्तेचंद मेला भाटा यादव भवन में आयोजित है । रात भर चलने वाली इस महा सम्मेलन का समापन 10 मार्च की सुबह 5 बजे होगा । आयोजित सम्मेलन में समाजिक नियमावली व प्रकरणों पर चर्चा की जावेगी साथ ही साथ वार्षिक आय व्यय पर चर्चा की जावेगी। सम्मेलन में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है , अनुपस्थिति के दशा में दंड का प्रवधान किया गया है। बैठक में शराब सेवन करना वर्जित है तथा नियत समय पर नहीं पहुंचने वाले व पहुंचने के बावजूद चर्चा परिचर्चा में भाग नहीं लेने वाले स्वजातिय बन्धुओं पर कार्यवाही संभव है। समाज के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व मिडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन ने बताया कि इस सम्मेलन में कांकेर, नरहरपुर , चरामा , दुर्गूकोन्दल , भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, कोयली बेड़ा के सभी ब्लाक के स्वजातीय बन्धु शामिल होंगे। परिक्षेत्र अध्यक्ष शैलेंद्र कौशिक व भानुप्रतापपुर ब्लाक अध्यक्ष भुनेश्वर सेन ने श्रीवास सेन समाज के सभी स्वजातियों बन्धुओं से इस बैठक में समय सीमा में उपस्थिती की अपील की है।

### 219 वीं बटालियन ने लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**कोंटा।** सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर महानिर्देशक सीआरपीएफ के निर्देशानुसार 219 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सामाजिक सरोकारों एवं मानवता की सेवा के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर आज सीआरपीएफ के कोंटा रेंज डीआईजी राजेश पांडे के मार्गदर्शन में 219वीं वाहिनी के कमाण्डेंट पार्थ सारथी घोष ने इंजराम स्थित मुख्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। द्वितीय कमान अधिकारी अनुराग राज सहा. कमाण्डेन्ट कानाराम चौधरी एवं डॉ. मोहम्मद इब्राहिम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, उप. कमाण्डेंट की उपस्थिति में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य तथा आमजन एवं बल के जवानों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने बटालियन के अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर के दौरान डॉ. मोहम्मद इब्राहिम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी उप. कमाण्डेंट और उनकी चिकित्सा टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा उन्हें सुरक्षित रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई।

**भ्रमण : ड्रिप सिंचाई, पशुपालन बकरी शेड की जानकारी ली**

# जनप्रतिनिधियों ने झारखंड के लोहरदबा क्षेत्र का किया भ्रमण, मिली अहं जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का एक्सपोजर सह क्षेत्र भ्रमण झारखंड के लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड की ग्राम पंचायत बड़की चांपी में हुआ।

आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाना,ग्राम पंचायत विकास योजना की सहभागी एवं पारदर्शी प्रक्रिया को समझना तथा सामुदायिक नेतृत्व आधारित जीपीडीपी योजना निर्माण की प्रक्रिया, जीपीपीएफटी, जीपीसीसी एवं बीएलसीसी की कार्यप्रणाली और उनकी भूमिकाओं, हेल्प डेस्क की अवधारणा एवं उसके संचालन तंत्र तथा ग्राम पंचायत की सहभागी योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन की समग्र कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। इस विजिट के माध्यम से प्रतिभागियों ने ग्राम पंचायत संस्थाओं को सुदृढ़ करने तथा सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए अपनाए गए व्यावहारिक एवं प्रभावी मॉडलों को समझा। संस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप है।

इस अध्ययन भ्रमण में सरपंच, पंचायत सचिव, जनपद प्रतिनिधि सहित लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। टीम का समन्वयन भानुप्रतापपुर की वैष्णवी देशमुख द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत बड़की चांपी में आगंतुक दल का स्वागत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उपमुखिया श्रीमती हेना तिवारी ने पंचायत का परिचय एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की।


बैठक में ग्राम पंचायत विकास योजना की तैयारी, पंचायत स्तरीय बजट, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय, लाभुक चयन की प्रक्रिया तथा मनरेगा अंतर्गत योजना चयन से पूर्णता तक की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।पंचायत सचिव एवं संबंधित कर्मियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत बागवानी एवं अंतःफसल मॉडल, ड्रिप सिंचाई, पशुधन विकास, बकरी शेड, मचान खेती एवं डबरी निर्माण जैसे कार्यों को देखा और संबंधितो से संवाद किया। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर जैविक खेती, उद्यमिता प्रोत्साहन, लैंगिक समानता एवं समावेशन के प्रयासों को भी समझा गया।

## देरी से चिकन देने पर विवाद, युवक ने दुकानदार और उसकी बहन को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना बांदे अंतर्गत बांदे बस्ती में एक चिकन दुकान के पास विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। चिकन लेने की बात पर हुए विवाद ने तुल पकड़ लिया और मामला धीरे धीरे मारपीट में तब्दील हो गया।

घटना 4 मार्च की शाम करीबन साढ़े 7 बजे की है, जब सुमित अपनी दुकान पर चिकन काट रहा था। इसी दौरान नेताजीपल्ली निवासी विश्वजीत अधिकारी पिता विपुल अधिकारी और अनुकूल राय पिता पागल राय मोटर सायकल से वहां पहुंचे। आरोपियों ने एक किलो चिकन मांगा, जिस पर सुमित ने पहले से मौजूद ग्राहकों को निपटाकर देने की बात कही। इतनी सी बात पर आरोपी आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज करते हुए तत्काल चिकन देने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर विश्वजीत ने सुमित के साथ हाथ-मुक्का से मारपीट शुरू कर दी, जबकि अनुकूल राय ने चिकन काटने वाला बंडा छीन लिया। बीच-बचाव करने आए सुमित के चाचा विप्रजीत के समझाने पर आरोपी वहां से चले गए। विवाद यहीं नहीं थमा, कुछ देर बाद दोनों आरोपी दोबारा दुकान पर लौटे और सुमित के साथ फिर से मारपीट करने लगे। अपने भाई को पिटता देख जब उसकी बहन कुमारी सुप्रिया तरफदार बीच-बचाव करने पहुंची, तो आरोपियों ने उसे भी जमीन पर पटक दिया और लात-घूसों से बेरहमी से पिटाई की। इस हमले में सुमित के हाथ और गर्दन में चोटें आई हैं, वहीं उसकी बहन के सिर और पैर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे शासकीय अस्पताल बांदे में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विश्वजीत अधिकारी और अनुकूल राय के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



■ आरोपी नशे में धुत था

## पालक-बालक-शिक्षक सम्मेलन में एफएलएन के एजेंडा पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

उच्च प्राथमिक शाला भिरौद में पालक-बालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं राजकीय गीत के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष कमलेश निषाद, कार्यक्रम की अध्यक्षता माध्यमिक शाला प्रधान पाठक प्रेमसिंह नेताम और विशेष अतिथियों में तितराराम निषाद, लता चंदवंशी, वैशाली नायक, शारदा निषाद, सुकृत नेताम एवं हेमकुमार निषाद शामिल रहे। प्रधान पाठक दलेश्वरी सिन्हा द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं एजेंडा पर प्रकाश डालते हुए एफएलएन की आवश्यकता पर सारगर्भित जानकारी दी गई। इसके पश्चात माध्यमिक शाला प्रधान पाठक द्वारा एजेंडा के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में उपस्थित सभी अभिभावकों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। पालकों एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु ठोस योजना तैयार की गई। कार्यक्रम में शिक्षक गणराज शोरी, गोविंद पटेल, सहायक शिक्षक पुष्पांजलि साहू, हेमा ठाकुर सहित अभिभावकों में चम्पा सूर्यवंशी, रितेश्वरी दुग्गा, भेमिन चंद्रवंशी,रमशीला निषाद, अशोक नायक, गौतम दास, रामदयाल मरकाम सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल थे।

## भतीजी को रंग लगाने से मना करने पर चाचा की पिटाई की, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना नरहरपुर अंतर्गत ग्राम राजपुर में होली के विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी ने थाना नरहरपुर में लिखित आवेदन पेश कर आरोपी रमेश जैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे राजपुर निवासी 40 वर्षीय संतोष कुमार सरोज पिता पतिराम सरोज ने पुलिस को बताया कि 4 मार्च कि रात करीबन साढ़े 7 बजें भतीजी लच्छिता सरोज होली खेलकर घर के बाथरूम में नहा रही थी। उसी दौरान गांव का रमेश जैन पिता रघुनाथ जैन उनके घर में घुसकर नहा रही युवती को गुलाल लगाने लगा। युवती के पिता संतु राम सरोज ने आपत्ति जताते हुए उसे वहां से भगा दिया था। इसी बात की रंजिश रखते हुए, अगले दिन 5 मार्च की सुबह करीब 11 बजे जब संतु राम सरोज अपने खेत से घर लौट रहे थे, तब आरोपी रमेश जैन ने अपने घर के सामने सड़क पर उन्हें रोक लिया। आरोपी ने संतु राम को पुरानी बात को लेकर गालियों दी और जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडे से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में संतु राम के दाहिने हाथ की कोहनी, कमर और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना को देख रहे मानस जैन और उसके छोटे भाई बबला जैन ने बीच-बचाव कर संतु राम की जान बचाई। घायल को तत्काल निजी वाहन से इलाज के लिए नरहरपुर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115 (2) और 351 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कांकेर नगरपालिका में भाजपा शासन का एक वर्ष पूर्ण, मनाया सेवा संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



नगरपालिका परिषद कांकेर में भारतीय जनता पार्टी की परिषद के गठन का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर उत्सव का माहौल रहा। 6 मार्च को मिली ऐतिहासिक जनमत की जिम्मेदारी के 365 दिन पूरे होने पर ऊपर नीचे रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन एवं समस्त पार्षदगणों ने नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की और हलवा-पूरी का प्रसाद वितरण किया।

नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने भावुक होते हुए कहा कि 111 वर्षों के कांग्रेस दबदबे को तोड़कर जनता ने जो विश्वास हम पर जताया यह एक वर्ष उसी विश्वास को विकास में बदलने का रहा है। ट्रिपल इंजन की सरकार के मार्गदर्शन में हम अन्नपूर्णापारा मुक्तिधाम से लेकर शहर की गलियों तक का कायाकल्प कर रहे हैं। प्रमुख स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्य सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन निर्माण 471 लाख, दुधावा तालाब पाथवे, टॉयल, बोटिंग और चौपाटी निर्माण 470 लाख, विभिन्न वार्डों में 24 नग सीसी सड़क/आरसीसी नाली/हाईमास्ट लाइट 145.67 लाख, 15वां वित्त शहर के मुख्य मार्ग के दोनों तरफ आरसीसी नाली निर्माण 114.89 लाख, नया कम्युनिटी हॉल भवन का जीर्णोद्धार कार्य 119.64 लाख, स्मार्ट क्लासरूम प्राथमिक माध्यमिक कन्या शाला भवन निर्माण 295.23 लाख, राशन दुकान निर्माण 5 वार्डों अलबेलापारा, शिवनगर आदि में उचित मूल्य दुकान सह गोदाम 63.75 लाख, मुक्तिधाम जीर्णोद्धार अन्नपूर्णापारा मुक्तिधाम एवं पाथवे निर्माण डीएमएफ 25 लाख, पेयजल व्यवस्था जनकपुर, अघन नगर एवं राजापारा में पानी टंकी व सम्पवेल 138.31 लाख। इसके अतिरिक्त शहर के तालाबों का सौंदर्यीकरण, नया बस स्टैंड परिसर में सीसी टॉप, घड़ी चौक सौंदर्यीकरण और महिला समूहों के लिए भवन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पथ में है। आयोजन में भाजपा के पदाधिकारी एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

## घर वापसी पर धर्मांतरित परिवारों ने हिंदू रीति-रिवार्ज पर जताई आस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनेलीकन्हार

विकासखंड कांकेर के ग्राम तेलावट में पिछले 4 साल से मंत्रांतरित हुए यशवंत टांडिया का परीवार व ग्राम कोलियारी के तीन परिवार के लोगों ने घर वापसी किया व हिन्दू रीति रिवाज मानने का संकल्प लिया। इस घर वापसी पर शीलता मंदिर में पूजा अर्चना करवा कर ग्राम के गायता, पुजारी सियानो ने घर वापसी करवाया।

ग्राम के वरिष्ठ व पूर्व सरपंच सियाराम सलाम, गोड़वाना समाज के परिक्षैत्र अध्यक्ष श्याम सिंह मंडावी, पारस टावरी, ग्राम गायता काशी राम सलाम, पुजारी गोविंद सलाम, रामसिंह सलाम, सरपंच लक्ष्मी माधव चिराम, उपसरपंच व सर्किल अध्यक्ष हल्बा समाज नम्मू राम खरे, टीकम साहू व ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। इससे पूर्व 22 फरवरी को तेलावट क्षेत्र के 12 गांव के सर्व समाज का बैठक किया गया था, जिसमें धर्मांतरण के खिलाफ ठोस निर्णय लिया गया था, जिसमें कोलियरी के तीन परिवार की वापसी हुई थी।



## नगाड़े की थाप में छापरपारा में धूमधाम से मनाई होली



**बासनवाही।** छापरपारा में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। गांव में सुबह से ही होली का रंग देखने को मिला। युवा, बुजुर्ग एवं महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा गले मिलकर खुशियां साझा की। इस दौरान युवाओं की टोली नगाड़े की थाप पर जमकर थिरकती नजर आई। युवाओं ने पूरे गांव में घूमकर घर-घर जाकर लोगों को रंग-गुलाल लगाया और बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। महिलाओं ने भी पारंपरिक गीतों के साथ होली पर्व का आनंद लिया। गांव में पूरे दिन उत्सव का माहौल बना रहा और हर तरफ रंग-गुलाल की बौछार दिखाई दी। लोगों ने आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द के साथ इस पर्व को मनाते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

**गीत और डांस की रंगारंग प्रस्तुत दी गई**

# पैराडाइज स्कूल में बच्चों व शिक्षकों ने खेली होली, एकता और भाईचारा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पैराडाइज स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्रेम एकता व भाईचारा का प्रतीक होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्यार भरे रंगों से सजा इस महोत्सव पर गीत, डांस करते हुए शिक्षकों एवं बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली की खुशिया मनाई। होली के अवसर पर बच्चों ने केमिकल वाले रंगों का न उपयोग करने एवं हर्बल रंग एवं गुलाल का उपयोग करने का वचन दिया।

पैराडाइज स्कूल विभिन्न अवसरों पर बच्चों को न केवल शैक्षणिक शिक्षा प्रदान करता है साथ ही साथ हर अवसर पर संस्कृति एवं सामाजिक जीवन के लिये भारतीय संस्कृति को अपनाने एवं आदर्श जीवन जीने तथा अपने संस्कृति को जीवन्त करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता है। प्राचार्य रश्मि रजक ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक तथा पालकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को उत्साहपूर्वक और सावधानी से होली एवं रंग पंचमी मनाने की सलाह दी है ताकि आने वाले वार्षिक परीक्षा में हमारा स्वास्थ्य खराब न हो। हमारा जीवन एवं समुदाय भी विभिन्न सुन्दर रंगों की तरह है होली का त्योहार हमें एकता एवं प्रेम और भाईचारा के साथ रहना सीखाता है। इस प्रेम एकता व भाईचारा का प्रतीक कार्यक्रम को संपन्न कराने मे प्राचार्य रश्मि रजक, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, मेघा सेवा, एस. मर्सी, कृष्णापद कुंभकार, तीरथ साहू, सरिता मिश्रा, भारती सेठिया, संगीता भारती, शांतिलीना नेताम, रचना शर्मा, टाकेश्वर साहू, शिखा मेहरा, अवतार सिंह, रामेश्वरी साहू, संतोष कुमार ठाकुर, यमुना बिलोधिया, मृणाल चौहान आदि शिक्षकों का योगदान रहा।



**पेज 11 के शेष...**

### रंगों और उमंगों...

लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। वे पिचकारी और रंग-बिरंगे गुब्बारों से होली खेलते हुए दिनभर मस्ती करते रहे। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और मोहल्लों में युवाओं की टोली ने पारंपरिक और आधुनिक अंदाज में होली का आनंद लिया। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जहां गीत-संगीत और नृत्य के साथ लोगों ने होली का आनंद उठाया। होली के इस रंगीन अवसर पर शहरवासियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। लोगों ने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया और खुशियां बांटी। दिनभर शहर के विभिन्न स्थानों पर होली का उल्लास देखने को मिला और वातावरण पूरी तरह रंगमय बना रहा। प्रशासन की मुस्तैदी और शहरवासियों के सहयोग से कांकेर में इस वर्ष होली का पर्व पूरी तरह उल्लासपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। रंगों के इस त्योहार ने एक बार फिर लोगों के दिलों को जोड़ने और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

### बीच-बचाव करने...

दर्ज कराई है कि 25 फरवरी को वह ग्राम बरहेली में लगे मेला को देखने गए थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बरहेली से आमापारा जाने वाले मार्ग पर स्थित मुर्गा बाजार के पास ईरागांव और झरीपारा के कुछ युवकों के बीच आपसी विवाद और कहासुनी हो रही थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि विवाद को बढ़ता देख उन्होंने मानवता के नाते बीच-बचाव करने की कोशिश की। इसी दौरान ईरागांव निवासी सुमीत उईके और उसके साथियों ने उनसे अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने बीच बचाव करने वाले युवक के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान शिकायतकर्ता के बाएं कंधे में गंभीर चोट आई। साथ ही आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने भानुप्रतापपुर थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुमीत कुमार उईके के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), 296 और 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### पारिवारिक विवाद में...

छोटे भाई को जमीन पर पटक दिया और उसके साथ मारपीट किया। हालांकि इस घटना में प्रार्थी को कोई गंभीर अंदरूनी चोट नहीं आई, लेकिन सार्वजनिक रूप से हुए अपमान और मारपीट से आहत होकर उसने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से किया है। पीड़ित की शिकायत और बयान के आधार पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी अजय निर्मलकर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2) और 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**खबर संक्षेप**

## बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन के लिए बैठक



बस्तर। 5वीं व 8वीं केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन हेतु जगतू माहरा बस्तर हाई स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर बलीराम बघेल की अध्यक्षता में सातो ब्लॉक के संकुल प्राचार्य व मूल्यांकन केंद्र प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा में दिए गए दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। 5वीं व 8वीं की परीक्षा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने की अहम जिम्मेदारी दी गई। कुल 178 संकुल प्रचार्यो ने उक्त बैठक में भाग लिया। उक्त बैठक को जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर बलीराम बघेल के द्वारा केंद्रीकृत परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदलपुर राजेश गुप्ता, एपीसी जयनारायण पाणिग्राही, सूरज निर्मलकर व समस्त प्राचार्य उपस्थित थे।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के 4 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 22 लाख रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत ईनाम की राशि आत्मसमर्पित नक्सलियों के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में 3 साल के लिए सावधि जमा के माध्यम से प्रदाय किया जायेगा।

# नेटवर्क प्राब्लम से ग्रामीण परेशान 4 की जगह 5 जी सर्विस की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखई में स्थापित नेटवर्क टावर में नेटवर्क की समस्या के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों ने टावर में बेहतर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने तथा 4G सेवा को 5 जी में अपग्रेड करने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम सुखई में लगभग दो वर्ष पूर्व जियो कंपनी द्वारा टावर क्रमांक 2690 स्थापित किया गया था, जिससे क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सुविधा बेहतर होने की उम्मीद थी। लेकिन वर्तमान में टावर होने के बावजूद नेटवर्क और इंटरनेट की गति संतोषजनक नहीं है, जिसके कारण ग्रामीणों को ऑनलाइन कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण दिनेश कुमार माहवे, मोहन यादव, कृष्णा जैन, मनोज जैन, मुकेश गावड़े, संतलाल टांडिया, राजाराम गावड़े और जवाहर पिद्दा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि आज के समय में अधिकांश कार्य डिजिटल माध्यम से संचालित हो रहे हैं। नेट बैंकिंग, ऑनलाइन फोन पेय,लेन-देन, शासकीय योजनाओं की जानकारी, व्हाट्सएप, फेसबुक तथा अन्य ऑनलाइन सेवाएं मोबाइल नेटवर्क पर ही निर्भर हैं, लेकिन नेटवर्क



की कमजोर स्थिति के कारण इन सभी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। कई बार इंटरनेट की गति बेहद धीमी हो जाती है या नेटवर्क पूरी तरह से बंद हो जाता है, जिससे विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई और ग्रामीणों के डिजिटल कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने दूरसंचार कंपनी से मांग की है कि टावर की तकनीकी जांच कर नेटवर्क व्यवस्था को मजबूत किया जाए तथा जल्द से जल्द 5G सेवा शुरू करने की दिशा में कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि बेहतर नेटवर्क सुविधा से न केवल गांव के लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी।

### बड़े चकवा में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

# बड़ांजी की टीम 9 रन से विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

ग्राम पंचायत बड़े चकवा में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ किया गया। यह प्रतियोगिता धरती आबा उत्कृष्ट आदि सेवा केंद्र के माध्यम से आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर ग्राम पंचायत बड़े चकवा के

- **ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं**

उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप, पंच नाहटू बघेल, दशरथ सिंह बरिया तथा सुरेन्द्र ठाकुर के द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया और उन्हें खेल को अनुशासन, आपसी भाईचारे और खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया गया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे, जिससे पूरे मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने खिलाड़ियों और उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं होती, केवल उन्हें उचित अवसर और मंच की आवश्यकता होती है। ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक विकास का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भाग लेने से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनका व्यक्तित्व भी निखरता है।



धरती आबा उत्कृष्ट आदि सेवा केंद्र के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य गांव के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और कई गांवों की टीमें इसमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में बड़ाजी और करमरी की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ाजी की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 11 विकेट खोकर 80 रन बनाए और करमरी की टीम को जीत के लिए 80 रन का लक्ष्य दिया। बड़ाजी की ओर से बल्लेबाजों ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी करमरी की टीम ने भी अच्छी शुरुआत करने की कोशिश की, लेकिन बड़ाजी के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। करमरी की टीम निर्धारित ओवरों में केवल 71 रन ही बना सकी और इस प्रकार बड़ाजी की टीम ने यह मुकाबला 9 रन से जीत लिया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों ने भी पूरे उत्साह के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के इस आयोजन से क्षेत्र में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता के आगामी मुकाबले भी इसी तरह उत्साह और खेल भावना के साथ आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन गांव के युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, आयोजकों और ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# कांग्रेस राज्यसभा प्रत्याशी फूलोदेवी से विधायक सावित्री ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ कांग्रेस की ओर से राज्यसभा के लिए नामित किए जाने पर छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष फूलोदेवी नेताम को लगातार बधाइयां मिल रही हैं। इसी क्रम में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मण्डावी ने रायपुर स्थित उनके निवास पहुंचकर मुलाकात किया।

विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा फूलोदेवी नेताम को राज्यसभा के लिए प्रत्याशी बनाए जाने का निर्णय महिलाओं के सम्मान और उनके नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि फूलोदेवी नेताम लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर पार्टी और समाज के लिए कार्य कर रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है। विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि राज्यसभा में पहुंचने के बाद फूलोदेवी नेताम छत्तीसगढ़ के मुद्दों को मजबूती के साथ उठाएंगी और विशेष रूप से महिलाओं, आदिवासी समाज तथा प्रदेश के विकास से जुड़े विषयों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से



रखेंगी। अनुभव और कार्यशैली प्रदेश के लिए लाभकारी साबित होगी, वहीं फूलोदेवी नेताम ने विधायक सावित्री मनोज मंडावी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास और जनता की आवाज को राज्यसभा में मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी योजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। फूलोदेवी नेताम को राज्यसभा के लिए प्रत्याशी बनाए जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## धूमधाम से मनाया गया रंगों का पर्व होली

**गीदम।** भाईचारे और रंगों का पर्व होली नगर के साथ साथ ग्रामीण अंचल में भी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंगों के इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह और उमंग देखने लायक होता है। रंगों के पर्व होली पर युवाओं की टोली जहां लोगों को रोककर रंग गुलाल लगाते दिखी। तो वही गली-मोहल्लों में लोगो ने नगाड़ो की थाप पर फ़ाग गीत गाते हुये होली मनाया। सोमवार की रात्रि नगर में सभी मुख्य जगहों शिशु मंदिर परिसर, पुराना बस स्टैंड, पुराना बाजार, हारम पारा, पी डब्लू डी पारा व अन्य जगहों में विधि - विधान से होलिका दहन किया गया व क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की गयीं। होलिका दहन के बाद मध्य रात्रि से ही लोगो के द्वारा एक दूसरे को होली की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया और दूसरे दिन तक यह दौर चलता रहा। बुधवार की सुबह से ही लोग एक दूसरे को रंग - गुलाल लगाते होली की खुशियां बांटते दिखते रहे। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने रंगों के पर्व होली को अपने अपने अंदाज में धूमधाम से मनाया। छोटे छोटे बच्चों को पिचकारियों एवं अलग - अलग रंगों के अबीर-गुलाल के साथ एक दूसरे को रंग में रँगते हुए देखा गया।

# कांकेर जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित, संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से कांकेर जिले के लिए जिलाध्यक्ष बसंत यादव की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए व्यापक स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिसमें कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी गोपाल राठी को दी गई है। जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी की सूची का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था, अंततः 6 मार्च को सूची जारी कर दी गई है। कई चेहरे खिलकर सामने आए, वहीं कई चेहरों पर मायूसी छा गई।

**जिला टीम में 12 उपाध्यक्ष बनाए गए-** जिला टीम में 12 को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई, जिसमें रोमनाथ जैन, तरेन्द्र भण्डारी, राजेश भास्कर, राजकुमार ठाकुर, शिवाराम जुर्री, विकास मंडल, सुलोचना मेश्राम, रत्तीराम दुग्गा, रमेश पाण्डे, गुरदीप सिंह ढींढसा, मंजु सोनकर व गणेश सोनी को उपाध्यक्ष बनाया गया।

**जिला टीम में 18 महामंत्री बनाए गए-** जिला टीम में 18 महामंत्री बनाए गए, जिसमें उदय प्रकाश शर्मा (बंटी), हेमंत ध्रुव, अखिलेश चंदेल, ठाकुर राम कश्यप, नन्द किशोर राठी, विश्राम गावड़े, गफ्फार मेमन, कृष्णा टेकाम, अमिता उइके, कौशिल्या शोरी, मनोज जैन, श्रवण यादव, राजेन्द्र साहू, महेन्द्र यादव, मृदुला भास्कर, संग्रामसिंह, बाबुलाल साहू, अजय भास्वानी शामिल है।

**जिला टीम में 19 सचिव बनाए गए-** जिला टीम में 19 सचिव बनाए गए, जिसमें मुकेश राय, शिवंकित श्रीवस्ताव, धर्मेन्द्र नेताम, एकान्त दुबे, धनीराम ध्रुव, राकेश गुप्ता, झमीत कड़ियाम, दौलत नायक, प्रदीप कोरेटी, बालमुकुन्द सिन्हा (मुन्ना), चित्रकांत सिन्हा, अमृत देवांगन, शेखर यदु, विजय यादव, भंजन यादव, इसहाक अहमद (मुन्ना), देवेन्द्र सोनी, मनीराम सिन्हा, रमशिला मण्डावी, नीरज कोसमा को शामिल किया गया है।

**जिला टीम में 10 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए-** जिला टीम में 10 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए, जिसमें बद्री गावड़े, शेखर सलाम, शिवनारायण कुलदीप, मतिन खान, अमृत संचेती, पार्वती शोरी, नरेन्द्र कुलदीप, विष्णुराम नेताम, दामला मण्डावी और पुरुषोत्तम सिन्हा को शामिल किया गया।

# सुखई स्कूल की बाउंड्रीवाल पर योगाभ्यास की मुद्राओं का आकर्षक चित्रण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

योग के प्रति समर्पण और सामाजिक सरोकार की एक प्रेरणादायी मिसाल प्राथमिक शाला सुखई में देखने को मिली है। यहां के संकुल समन्वयक एवं शिक्षक किशोर विश्वकर्मा ने योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अपने निजी संसाधनों से विद्यालय की बाउंड्री वॉल पर योग से संबंधित आकर्षक चित्र और प्रेरक स्लोगन अंकित करवाए हैं। उनकी इस पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। जनवरी माह में आयुष विभाग तथा आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा डॉ. केव्ही गोपाल के मार्गदर्शन में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर से प्रेरित होकर शिक्षक किशोर विश्वकर्मा ने यह कदम उठाया। उन्होंने बिना किसी शासकीय सहायता के लगभग 10 हजार रुपएं खर्च कर विद्यालय की दीवारों पर विभिन्न योग आसनों के चित्र और स्वास्थ्य संबंधी प्रेरक संदेश लिखवाए, जिससे विद्यार्थियों के साथ-साथ ग्रामीणों में भी योग के प्रति जागरूकता बढ़ सके। विद्यालय की दीवारों पर बने आकर्षक योग चित्र अब लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। इससे प्रेरित होकर ग्रामीणों ने भी इस पहल में सहयोग का हाथ बढ़ाया। योग शिविर के दौरान शेष कार्य को पूरा करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया,

- **ग्राम पंचायत और ग्रामीणों के सहयोग से पूरा हुआ योग चित्रण कार्य, बच्चों व ग्रामीणों को मिल रही प्रेरणा**

जिसके बाद ग्राम पंचायत सुखई ने 5 हजार रुपएं की सहायता राशि प्रदान की, जबकि ग्रामीणों ने भी स्वेच्छा से 3 हजार रुपये का सहयोग एकत्रित किया। इस सामूहिक प्रयास से विद्यालय की बाउंड्री वॉल पर योग चित्रण का शेष कार्य भी पूर्ण हो गया। ग्राम पंचायत सुखई के उप सरपंच मुकेश गांवडे ने भी शिक्षक किशोर विश्वकर्मा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि एक सच्चा शिक्षक केवल शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि समाज को सही दिशा भी दिखाता है। उन्होंने कहा कि पंचायत को गर्व है कि विद्यालय में इतने समर्पित शिक्षक कार्यरत हैं। प्राथमिक शाला सुखई की यह योग चित्रों से सजी दीवार अब न केवल विद्यालय की शोभा बढ़ा रही है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गई है। शिक्षक और ग्रामीणों के इस सामूहिक प्रयास ने यह संदेश दिया है कि सकारात्मक सोच और सहयोग से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# कांकेर थाने के निकट किराना दुकान में सेंधमारी, पुलिस ने खंगाले कैमरा फुटेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सुरक्षा व्यवस्था के बीचों-बीच स्थित थाना कांकेर से महज करीब 100 मीटर की दूरी पर अज्ञात चोरों ने बीती रात एक किराना दुकान में सेंधमारी कर पुलिस को चुनौती दे दी। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की और ताला तोड़ने के लिए इस्तेमाल की गई सब्बल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, वहीं डॉग स्क्वाड की मदद से भी सुराग तलाशने की कोशिश की गई।

जानकारी के अनुसार डेली मार्केट स्थित अंबे ट्रेडर्स के संचालक निमेष कुमार ठक्कर ने पुलिस को बताया कि वे प्रतिदिन की तरह गुरुवार रात दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। रात को लगभग 12 बजे वे पैदल घूमने निकले थे और उस दौरान दुकान के ताले भी देखे थे, जो पूरी तरह सुरक्षित थे। शुक्रवार 6 मार्च की सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे, तब देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और शटर के एक तरफ ताला लगाने वाले पॉइंट को काटा गया है। यह देखते ही उन्होंने तत्काल थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की खबर मिलते



ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के दुकानदारों से भी जानकारी ली। उन्होंने व्यापारियों को दुकान में अधिक नगदी नहीं रखने की सलाह देते हुए सुरक्षा के लिए दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आग्रह किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया। डॉग स्क्वाड ने मौके पर छोड़ी गई सब्बल और टूटे ताले को सूंघकर सुराग तलाशने की कोशिश की। जांच के दौरान डॉग स्कूल की दिशा में लगभग कुछ दूरी तक गया, लेकिन उसके बाद भटक गया और कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका।

पुलिस की टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही संदिग्धों की पहचान कर मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं घटना के बाद से डेली मार्केट क्षेत्र के व्यापारियों में भी चिंता का माहौल देखा जा रहा है। व्यापारियों का कहना था कि लंबे समय बाद ऐसी कोई घटना डेली मार्केट में घटी है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

ग्राम माकड़ी खूना तहसील कांकेर

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक कुबल पिता पहाड़ सिंह जाति गोड़ निवासी माकड़ी खूना तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम माकड़ी खूना, तहसील कांकेर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 248/2 रकबा 0.1600 हे. में से 0.04 हे. या 0.10 डिसमिल भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18.03.2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

**बिजनेस साइड**

# विश्वभारती ने इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा का किया लांचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स नेक्सा, कांकेर में मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा का लांचिंग विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में किया गया । कार्यक्रम में विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स के प्रबंध निदेशक यशवंत अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि ई-विटारा एक बार पूर्ण चार्ज होने पर 546 किलोमीटर की प्रभावशाली रेंज प्रदान करती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मारुति सुजुकी ने देशभर में 25,000 से अधिक फास्ट चार्जिंग टच पॉइंट्स स्थापित किए हैं, जिससे ग्राहकों को निर्बाध और सुविधाजनक चार्जिंग सुविधा उपलब्ध होगी। ई-विटारा दो बैटरी पैक विकल्पों 61.1 केडब्ल्यूएच एवं 49 केडब्ल्यूएच में उपलब्ध है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह वाहन अत्याधुनिक फीचर्स से लैस है, जिनमें 7 एयरबैग, ADAS लेवल 2, और अन्य उन्नत सुरक्षा तकनीकें शामिल हैं, जो इसे अपने सेगमेंट में अत्यंत सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाती हैं। इसी अवसर पर विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स द्वारा कांकेरवासियों के लिए अपने अत्याधुनिक सर्विस सुविधा केंद्र का भी उद्घाटन किया गया, जो नवीनतम एवं उन्नत सर्विसिंग उपकरणों से सुसज्जित है। यह सुविधा क्षेत्र के ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवा और तकनीकी सहायता प्रदान करेगी।



## सप्ताह भर से बारसूर गैस एजेंसी में सिलेंडर का स्टाक नहीं

**गीदम।** होली त्यौहार के महत्वपूर्ण अवसर पर भी इंडेन गैस एजेंसी बारसूर में सिलेंडर उपलब्ध नहीं रहा। लगभग 7-8 दिनों से गैस की किल्लत है। उपभोक्ता प्रतिदिन गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सिलेंडर कब तक उपलब्ध होगा, यह स्पष्ट तौर पर कोई नहीं बता रहा है।



## खबर संक्षेप

### युवक की हुई मौत कारण हैं अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत रामकृष्णपुर निवासी 26 वर्षीय पिंटू मंडल पिता निर्मल मंडल का अज्ञात कारणों से मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक का 5 मार्ग को अज्ञात कारणों के चलते घर पर ही मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत प्रधान डोंगरी निवासी 26 वर्षीय धनेश्वर लाल उसेंडी पिता ईश्वर लाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गया, जिसके कारण उसका मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक 5 मार्च को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पेड़ से गिरे घायल ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत सीएचसी कोयलीबेड़ा में इलाज के लिए लाए रजऊ उसेंडी पिता स्व. बुधराम का 5 मार्च को मौत हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक छिंद पेड़ में रस निकालने के लिए चड़ा था। अचानक पेड़ से गिर गया व गंभीर चोट आई। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्रकरणों की सुनवाई 13 मार्च को जगदलपुर में

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित बस्तर संभाग के बस्तर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, नारायणपुर, बीजापुर एवं सुकमा जिलों से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं आयोग के सदस्यों द्वारा 13 मार्च को कलेक्ट्रेट भवन जगदलपुर के प्रेरणा सभा कक्ष में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। कांकेर जिले के आवेदिका एवं अनावेदक को भी उक्त सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### गरीबों को मिल रहा भरपेट भोजन

**कोंटा।** माणिकेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, कोंटा द्वारा प्रत्येक सप्ताह साप्ताहिक बाजार के दिन शिव मंदिर परिसर में निःशुल्क भोजन वितरण का सेवा कार्य किया जा रहा है। इस सेवा का लाभ विशेष रूप से दूर-दराज क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार में दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीदने या बेचने के लिए आने वाले ग्रामीणों को मिल रहा है। मंदिर ट्रस्ट के इस सेवा कार्य में स्थानीय श्रद्धालु और समाजसेवी सहयोग कर रहे हैं, ताकि यह सेवा निरंतर चलती रहे। इसी दौरान एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला।

# चार दिनों से बिजली बंद, अमोड़ा के किसान परेशान, लगाई गुहार

**सिंचाई प्रभावित होने से रबी फसल पर मंडराया गहरा संकट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बनसागर

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर और किशनपुरी के किसानों को पिछले चार दिनों से बंद विद्युत सप्लाई के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में सिंचाई नहीं हो पाने से रवि फसलों के खराब होने की आशंका बढ़ गई है, जिससे किसानों में चिंता और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है। समस्या से परेशान लगभग 35 किसान शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के पावर हाउस अमोड़ा पहुंचे और जल्द से जल्द विद्युत लाइन चालू करने की मांग किया। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले चार दिनों से बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद है, जिसके कारण खेतों में लगे विद्युत पंप नहीं चल पा रहे हैं और सिंचाई कार्य ठप हो गया है।ग्रामीण शिव कैलाश कुंजाम, संतराम वट्टी, लक्ष्मण सिन्हा, अहिलूराम सलाम, भूपेंद्र सलाम, चिंताराम नेताम, मानकराम मडावी, अनेश शोरी और जयराम मरकाम सहित अन्य किसानों ने बताया कि इस समय खेतों में धान, गेहूं, मसूर, अरहर, उड़द, मूंग, मक्का सहित अन्य फसलें लगी हुई हैं, जिन्हें नियमित सिंचाई की आवश्यकता है। लेकिन बिजली बंद होने के कारण किसान अपने खेतों में पानी नहीं दे पा रहे हैं, जिससे फसलों के सूखने और खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही विद्युत सप्लाई बहाल नहीं की गई तो उनकी मेहनत और लागत पर पानी फिर सकता है। उन्होंने बताया कि कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की है और फसल खराब होने पर आर्थिक संकट गहरा सकता है।



#### मंडल कार्यालय को घेराव करने दी चेतावनी

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से तत्काल लाइन दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति शुरू करने की मांग किया गया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो विद्युत पंप कनेक्शनधारी उपभोक्ता छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल कार्यालय अमोड़ा का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## समस्या : बेरकोड गांव में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव, ग्रामीण परेशान

# स्कूल तक नहीं बनी आज तक सड़क, जान जोखिम में डालकर पगडंडी से जाते हैं बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कोयलीबेड़ा विकासखंड के संकुल परतापुर के अंतर्गत ग्राम बेरकोड गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यहां के स्कूली बच्चों को हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर पगडंडी और खेत-तालाब की मेड़ों से होकर स्कूल जाना पड़ता है। बारिश के मौसम में यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव से स्कूल तक जाने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है। बच्चों को खेत और तालाब की मेड़ों के बीच बने संकरे पगडंडी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। एक ओर तालाब की मेड़ और दूसरी ओर खेत की मेड़ होने के कारण जरा सी चूक बड़ी दुर्घटना में बदल सकती है। बरसात के समय तालाब और खेत दोनों ओर पानी से भर जाते हैं, जिससे रास्ता पूरी तरह डूब जाता है। ऐसे हालात में ग्रामीणों ने जुगाड़ के तौर पर छोटी-छोटी मिट्टी की मेड़ बनाकर और बिजली के पोल डालकर रास्ता तैयार किया है, जिसके ऊपर से होकर बच्चों को स्कूल जाना पड़ता है। गांव के लोगों का कहना है कि यह स्थिति बच्चों के लिए बेहद खतरनाक है। कई अभिभावक डर के कारण अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतराते हैं, जिससे शिक्षा पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही गांव से स्कूल तक की सड़क का निर्माण कर दिया जाए तो बच्चों और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल सकती है। बेरकोड गांव में स्कूल भवन को छोड़कर कोई भी अन्य शासकीय भवन नहीं है। आंगनबाड़ी भवन भी कई वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है और वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र एक झोपड़ी में संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी जांच कर भवन निर्माण पूरा कराने की मांग किया है।

#### शिविर में दिया आवेदन, समस्या का नहीं हुआ निराकरण



बेरकोड के पंच रजेसिंग हिड़को ने बताया कि कुछ समय पहले महाला गांव में जनसमस्या शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन भी दिया था। हालांकि अब तक इन मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर शिविर लगाए जाते हैं, लेकिन गांवों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पाता। ऐसे में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों को जल्द ठोस पहल की उम्मीद की है।

# होलिका दहन की रात फड़ में दबिश मालगांव के दस जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना नरहरपुर अंतर्गत चौकी दुधावा पुलिस ने मालगांव में चल रहे जुआ फड़ पर दबिश देकर 10 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगदी, ताश के पत्ते और जुआ खेलने में उपयोग की जा रही सामग्री जब्त कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार होली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे रात्रि गश्त अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई सामने आई है। दुधावा चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार वर्मा अपने हमराह स्टाफ के साथ 3 मार्च की दरमियानी रात क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम मालगांव में एक ग्रामीण की बाड़ी के पास कुछ लोग बिजली की रोशनी में ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जानकारी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल गवाहों को साथ लेकर मौके पर घेराबंदी किया। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने मौके पर 10 लोगों को काट-पत्ती नामक जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान 20 वर्षीय रितेश कुमार वट्टी पिता स्व. रामचरण, 33 वर्षीय अनिल ठाकुर पिता शिवराम ठाकुर, 22 वर्षीय चंद्रशेखर मरकाम पिता गौतम मरकाम, 40 वर्षीय हिरउराम मंडावी पिता स्व. आशाराम मंडावी, 47 वर्षीय दयाराम ठाकुर पिता उमेन्द्र सिंह ठाकुर, 30 वर्षीय राकेश मरकाम पिता लच्छूराम मरकाम, 58 वर्षीय मकतुल वट्टी पिता स्व. धनसाय वट्टी, 35 वर्षीय भावसिंह वट्टी पिता रोहिदास, 56 वर्षीय भवरसिंह पिता स्व. मनराखन और 40 वर्षीय शिवचरण वट्टी पिता स्व. सोमनाथ वट्टी के रूप में की गई है। सभी आरोपी चौकी दुधावा क्षेत्र के ग्राम मालगांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद राशि, 52 पत्ती ताश और एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी जब्त की है। इस संबंध में सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# हिंसा से खुशियों की मुख्यधारा में लौटे पूर्व नक्सलियों ने मनाई पहली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



बस्तर के घने जंगलों में कभी गोलियों की गूंज और बारूद की गंध के बीच जीवन बिताने वाले पूर्व नक्सलियों के लिए इस बार की होली खास बन गई। हिंसा का रास्ता छोड़कर शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करने वाले युवाओं ने मुल्ला चोगल पुनर्वास केंद्र में अपनी जिंदगी की पहली मुख्यधारा वाली होली उत्साह और उमंग के साथ मनाई। रंग-गुलाल से सराबोर पूर्व नक्सली ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे। इस दौरान भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख भी उनके साथ रंगों में सराबोर होकर नृत्य करते नजर आए। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। पूर्व नक्सलियों ने बताया कि जंगलों की जिंदगी में त्योहारों की खुशियां सिर्फ यादों तक सीमित थीं, लेकिन अब परिवार और समाज के बीच त्योहार मनाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने शासन की पुनर्वास योजना के तहत मिल रही सुविधाओं और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि सरकार की पुनर्वास नीति का सकारात्मक असर दिख रहा है। लगातार आत्मसमर्पण की बढ़ती संख्या इस बात का संकेत है कि युवा अब शांति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहते हैं। इस अनोखी होली ने यह संदेश दिया कि यदि इच्छाशक्ति हो तो हिंसा का रास्ता छोड़कर भी नई शुरुआत की जा सकती है, जहां बंदूक की जगह रंग और खुशियां जीवन में नई उम्मीद भर देते हैं।

### जेठेगांव गोल्ड मेले में 8-9 को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

**दुर्गूकोंदल।** समीपस्थ ग्राम जेठे गांव में आगामी 8 एवं 9 मार्च को दो दिवसीय वार्षिक गोल्ड मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला उत्साह और उमंग के साथ आयोजित होगा, जिसमें आसपास के ग्रामों के ग्रामीण, व्यापारी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। ग्राम गायता तामेश्वर कावड़े, ग्राम पटेल शंभूराम कावड़े, सरपंच मानिकलाल दुग्गा, उपसरपंच मनीराम उईके, रोहिदास मरकाम, योगेश कुमार ध्रुव एवं रायन मरकाम ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें, पारंपरिक वस्तुएं, खानपान के स्टॉल तथा बच्चों के लिए मनोरंजन की विशेष व्यवस्था की जाएगी। आयोजकों के अनुसार मेले में ग्रामीण अंचल की झलक देखने को मिलेगी। किसान, व्यापारी और हस्तशिल्प से जुड़े लोग अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे। इससे स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। आसपास के गांवों सहित बालोद जिले के ग्रामीणों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मेले का मुख्य आकर्षण रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेगा। लोक कला मंच भुईयां का सिंगार होचछे टोला बालोद द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। लोकगीत, नृत्य एवं पारंपरिक कला की प्रस्तुति से दर्शकों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज







